शिव का नाम लिए जा | By Hari Sharma

भूल भुलैया सा है जीवन हर एक डगर है अनजानी
जाने कब किस मोड़ पे बन्दे वक़्त मांग ले क़ुर्बानी
तू अच्छे कर्म किया जा, शिव का नाम लिए जा
तू अच्छे कर्म किया जा, शिव का नाम लिए जा
ॐ नमः शिवाये, ॐ नमः शिवाये,
ॐ नमः शिवाये, ॐ नमः शिवाये,

लेखा जोखा कर्मो का सब ऊपर लिखा जाता है
क्या लेना और क्या देना सब बहीखाते में आता है
बहीखाते में आता है.........।
नाम शिव का अमृत रस तू इस का पान किये जा
तू अच्छे कर्म किया जा, शिव का नाम लिए जा
तू अच्छे कर्म किया जा, शिव का नाम लिए जा

माया साथ सदा ना देगी ये ना पार लगायेगी
सुन्दर काया कितने दिन की एक दिन तो ढल जायेगी
एक दिन तो ढल जाएगी.........
पालनहार है नाम शिव का इसके संग जिए जा
तू अच्छे कर्म किया जा, शिव का नाम लिए जा
तू अच्छे कर्म किया जा, शिव का नाम लिए जा
ॐ नमः शिवाये, ॐ नमः शिवाये,
ॐ नमः शिवाये, ॐ नमः शिवाये,

पाप करम क्यूँ करने जग में काहे पाप कमाना है
मुट्ठी बाँध के आये जगत में हाथ पसारे जाना है
हाथ पसारे जाना है ....
हरी किसी के बाँट दर्द कभी दूजे ज़ख्म सिये जा
तू अच्छे कर्म किया जा, शिव का नाम लिए जा
तू अच्छे कर्म किया जा, शिव का नाम लिए जा
ॐ नमः शिवाये, ॐ नमः शिवाये,
ॐ नमः शिवाये, ॐ नमः शिवाये,

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a4%bf%e0%a4%b5-%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%b2%e0%a4%bf%e0%a4%8f-%e0%a4%9c%e0%a4%be-by-hari-sharma/